>

Title: Need to uplift high quality coal in the country instead of resorting to imports.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): कोल इण्डिया के द्वारा बड़े पैमाने पर भूमिगत खदानों को बंद कर ओपन कास्ट के द्वारा कोयले का उत्पादन किया जा रहा है, जबकि भूमिगत खदानों में उत्तम गुणवत्ता वाला कोयला उपलब्ध है। भारत में उत्तर गुणवत्ता वाले कोयले का उत्पादन नहीं होने के कारण बड़े पैमाने पर विदेश से कोयला आयात किया जा रहा है और भारत सरकार के द्वारा विदेशी मुद्रा खर्च की जा रही है। अपने देश में उच्चकोटि का कोयला बनाने के बाद भी उसका उत्पादन न करना यह उचित नहीं है।

अतः हम कोयला मंत्री जी से मांग करते हैं कि भूमिगत बंद खदानों को पुनः चालू किया जाए ताकि अच्छे किस्म का कोयला उपलब्ध हो सके।